## खबर संक्षेप

### राज्य में विद्यालय 1 जुलाई से हो प्रारंभ



**केशकाल।** राज्य में भीषण गर्मी के मौसम के चलते पारा 40 डिग्री से कम नहीं हो रहा है। इस तरह की उच्च तापमान के बीच 18 जून से स्कूल खुलने की योजना ने पालकों बढ़ा दी है। संयुक्त कर्मचारी परिषद केसकाल ने ग्रीष्मकालीन अवकाश को बढ़ाने से छात्रों और शिक्षकों की सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। सुबह 10 बजे से 4 बजे तक भीषण गर्मी में बच्चों के साथ शिक्षकों को भी बड़ी परेशानी होगी। संयुक्त कर्मचारी परिषद केसकाल के संयोजक व कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के सह संयोजक लोकेश गायकवाड़ ने राज्य शासन से विद्यालय समय मे परिवर्तन कर 1 जुलाई से सुबह 10.30 से 4.30 बजे तक लगाए जाने की मांग की है। परिषद ने उम्मीद जताई है कि सरकार जल्द से जल्द इस मुद्दे पर निर्णय लेकर छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, क्योंकि पालक भी चिंतित हैं।

### जर्जर बिजली पोल को बदलने की मांग

**जी-जामगांव।** दुर्गा मंच भाटापारा जी-जीमगांव में एक बिजली पोल पूर्णतः जर्जर हो गया है । अन्दर लगे हुए तार उपर से दिख रहे हैं। आंधी तूफान से बिजली का पोल कभी भी राहगीरों पर गिर सकता है। जनहानि की संभावना बनी हुई है। ग्रामीण रोहित साहू ने बताया कि उक्त पोल को बदलने के लिए एक माह पूर्व बिजली विभाग को आवेदन दिया गया है लेकिन बिजली विभाग द्वारा किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अन्य ग्रामीण संतराम साहू एवं हरिराम ने भी इसकी सूचना बिजली विभाग को दी है लेकिन पोल बदलने की बात पर टालमटोल किया जा रहा है। ग्रामीण ने जर्जर बिजली पोल को तुरंत बदलने की मांग की है ताकि किसी प्रकार की अनहोनी न हो जाए।

### सीएचओ संघ ने बीएमओ के नाम सौंपा ज्ञापन

**नगरी।** नगरी ब्लॉक के सीएचओ संघ ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर बीएमओ के नाम से ज्ञापन सौंपा। संघ की तीन सूत्रीय मांगों में स्थानांतरण, प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन राशि, कांकेर में निलंबित सीएचओ को तत्काल बहाली है। महिला सीएचओ का कहना है कि ट्राइबल एरिया में पोस्टेड होने कारण महिलाओं को जंगली इलाकों में अकेले आना जाना पड़ता है जिस कारण कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। महिला सीएचओ की नगरी मुख्यालय से 8 किलोमीटर के दायरे पर पोस्टिंग की जाए जिससे वे अपनी सर्विस प्रोवाइड कर सकें। स्थानांतरण नहीं होने से महिला सीएचओ को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### पूर्व सैनिकों की बैठक आज

**जीजामगांव।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ जिला इकाई रायपुर की मासिक बैठक 16 जून को प्रातः 10 बजे सभा कक्ष फर्स्ट फ्लोर, जिला सैनिक कल्याण कार्यालय परिसर, मोतीबाग रोड रायपुर में आयोजित की गई है। बैठक में कारगिल विजय दिवस मनाने हेतु रूपरेखा तैयार की जाएगी साथ ही अन्य विषयों पर भी चर्चा होगी। मातृशक्ति प्रकोष्ठ द्वारा महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई जाएगी।

# माहेश्वरी समाज ने धूमधाम से मनाया महेश नवमी महोत्सव

## प्रभातफेरी निकाली, प्रतिभावानों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

माहेश्वरी समाज ने शनिवार को महेश नवमी उत्सव मनाया। कार्यक्रम अग्रसेन भवन में आयोजित था। महोत्सव अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह शहर में प्रभातफेरी निकाली। 9 बजे अभिषेक पूजा, 11 बजे महिला मंडल द्वारा डांस, फैंसी प्रतियोगिता, ड्राइंग कंपिटिशन, 12 बजे सम्मान समारोह हुआ। कार्यक्रम के अतिथि अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला मंडल महामंत्री ज्योति राठी रायपुर, देवरतन तापड़िया बेमेतरा अध्यक्ष, ताराचंद माहेश्वरी बेमेतरा, सौरभ सोमानी राजनांदगांव, लीलाधर गांधी, मदन झंवर, नारायण बंग, धमतरी अध्यक्ष राजेन्द्र माहेश्वरी,





गोविंद गांधी, राधेश्याम राठी थे। कार्यक्रम संयोजक अमित राठी, श्रीकांत जाजू, राहुल लखोटिया, रूपेश झंवर थे। कार्यक्रम के दौरान 32 लोगों ने नेत्रदान तथा 80 वर्षीय बसंती भट्टड़ ने देहदान की घोषणा की। इस अवसर पर समाज और चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ. मनमोहन वैष्णव, समाजसेवी राजेश शर्मा, उद्यमी राकेश झंवर, व्यवसायी अमित राठी, कला के लिए शोभा बंग तथा राष्ट्रीय स्तर पर शहर का नाम रोशन करने के लिए श्रद्धा राठी का अतिथियों ने सम्मान किया। इस दौरान दीपक लखोटिया, बिट्ठल दास चांडक, प्रेमराज राठी, लक्ष्मीचंद बाहेती, रमेश टावरी, शंकर राठी, नेमीचंद राठी, अशोक भट्टड़ सहित अनेक समाजजन उपस्थित थे।


**आयोजन:** आदित्यवाहनी-आनंदवाहनी के संभाग स्तरीय संगोष्ठी में नारीशक्ति का सम्मान

# हर घर नियमित हनुमान चालीसा और 8-10 चौपाई रामचरितमानस का पाठ हो : सीमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

धरमपुरा स्थित बालाजी मंदिर कल्याण मंडपम में रविवार को संभाग स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन आनंदवाहनी-आदित्यवाहनी के राष्ट्रीय व प्रांतीय पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में किया गया। राष्ट्रीय महामंत्री विजय शर्मा ने धर्मांतरण को लेकर अपने विचार रखते इससे मुक्ति पाने बस्तर के आदिवासी भाइयों को ज्यादा से ज्यादा शंकराचार्य महाभाग के राष्ट्रोत्कर्ष अभियान में जोड़ने का आव्हान किया।

राष्ट्रीय उपाध्यक्षा सह प्रांतीय अध्यक्षा सीमा तिवारी, अखिल भारतीय महामंत्री विजय शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष टीकाराम साहू और प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेशनंदन श्रीवास्तव की उपस्थिति में संगोष्ठी का संचालन आचार्य पंडित रोमित त्रिपाठी ने मंगलाचरण से प्रारंभ करते हुए अतिथियों का परिचय कराया। तदुपरांत नैमित्तिक क्रमानुसार हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ हुआ। संगोष्ठी में संभागीय अध्यक्ष अनिल सामंत और जिलाध्यक्ष गीता शुक्ला ने कार्यक्षेत्र की प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किए। प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेशनंदन श्रीवास्तव ने पुरीपीठाधीश्वर पूज्यपाद शंकराचार्य भगवान के राष्ट्रोत्कर्ष अभियान हिन्दूराष्ट्र प्रकल्प पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान परिवेश में अनेकानेक कलिकलुषित परिवेशग्रसित आसन्न संकट पर ध्यान आकृष्ट करते हुए, आदित्य वाहिनी-आनंद वाहिनी-पीठपरिषद और धर्मसभा के उद्देश्य और कार्यक्षेत्र पर आधारित विचार व्यक्त किए। जिसमें उन्होंने उपस्थित नारी शक्ति का आह्वान करते हुए कहा कि आप सब सनातन धर्म दर्शन न्याय सिद्धांत और सनातन मानबिन्दुओं की रक्षार्थ सन्नद्ध और क्रियाशील हों । भावी पीढ़ी को धर्म-परायण, संस्कार संपन्न बनाने का संकल्प व्यवहार रूप में परिणित करने के लिए आबद्ध प्रकल्प के साक्षी व सहभागी बनें। गुरुदेव भगवान की एक एक वाणी ब्रह्मवाक्य है अकाट्य है, सत्यापित है, और प्रमाणित है। संगोष्ठी के अंत मे योगेश ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में मातृ शक्ति व पुरुष कर्मकर्ता तथा संभाग व बस्तर जिला आदित्यवाहनी-आनंदवाहनी के कर्मकर्ता उपस्थित थे। आयोजन के भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, संग्राम सिंह राणा,ममता राणा, पंडित योगेश शुक्ला, शिखा सामन्त, शिखा घोष, अर्चना सेंगर, बबली शुक्ला, त्रिलोचन दास, डॉ सुषमा झा,शैल दुबे,दृशान चक्रवती,मृणाल राय,उदय दुबे,किरण शुक्ला व अन्य उपस्थित थे।



**नारी शक्ति बच्चों को सुशिक्षित करे**

मुख्यवक्ता सीमा तिवारी ने सभी दायित्वधारियों का आभार व्यक्त करते हुए नारी शक्ति की ओर उन्मुख होकर उन्हें अपने कर्तव्य, दायित्व निर्वहन के लिये आबद्ध संकल्पित कर्तव्यबोधमय प्रयास करने की प्रेरणा देते हुए बच्चों को सुशिक्षित और संस्कारित करने पर विशेष जोर दिए। हर घर नियमित हनुमान चालीसा पाठ और कम से कम 8-10 चौपाई रामचरितमानस का नियमित पाठ परायण का संकल्प व्यवहार रूप में लाने को प्रेरित किया। नारी शक्ति को शास्त्र पढ़ने की सलाह देते हुए मार्कंडेय पुराण, नीति अध्यात्म के अध्ययन पर ध्यान केंद्रित किया। आत्मरक्षा अभियान चलाने का आह्वान करते हुए संभागीय टीम को प्रेरित करतेहुए अपने ओजबल को उर्ध्व गतिमान करने की प्रेरणा देते हुए अपना अभिभाषण स्तंभित किया।

**संभागीय टीम का गठन व जनजागरण पर विशेष ध्यान दें**

प्रदेशाध्यक्ष टीकाराम साहू ने छत्तीसगढ़ी में अपना उद्बोधन व्यक्त करते हुए विगत वर्ष गुरूदेव पुरीपीठाधीश्वर पूज्यपाद शंकराचार्य भगवान के जगदलपुर प्रवास कार्यक्रम के लिए आह्लादित मंगल बधाई संप्रेषित करते हुए संभागीय टीम गठित करने और जनजागरण पर विशेष बल दिए। राष्ट्रीय महामंत्री विजय शर्मा ने आधुनिकीकरण और भारी मशीनीकरण से समष्टिगत विद्रूपता पर नियंत्रण हिन्दूराष्ट्र अभियान की रुपरेखा-व्यासपीठ का संशोधन कैसे हो इसपर गुरूदेव भगवान के आलोक्य वाणी को प्रस्तुत करते हुए कमसे कम सवाघंटे आराधनान का ओजबल अर्जित कीजिए और प्रत्येक मठ मंदिर देव स्थान को रक्षा केन्द्र के रूप में अधिष्ठित प्रतिष्ठित व पल्लवित करने का उपस्थितजनों से आव्हान किया।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन सदस्य घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव

- घर के सामने बैठे थे, महुआ पेड़ में गिरी तो उसकी चपेट में आए
- रविवार को दोपहर में ग्राम कोकोड़ी में कमरे में बैठे थे लोग हुई घटना

जिले के माकड़ी क्षेत्र के ग्राम कोकोड़ी में रविवार की दोपहर अचानक बारिश शुरू हो गई हुई। इसी दौरान आकाशीय बिजली भी गिरी। आकाशीय बिजली गाँव के ही कुशल नेताम के घर के सामने स्थित महुआ के पेड़ पर गिरी । आकाशीय बिजली गिरने से उसके घर के सामने कमरे में बैठे कैलाश नेताम पिता जोगी नेताम उम्र 18 वर्ष, आसमती नेताम पति कुशल नेताम उम्र 42 वर्ष, कृष्णा नेताम पिता कुशल नेताम उम्र 18 वर्ष चपेट में आकर घायल हो गए । सभी घायलों को तत्काल निजी वाहन से उपचार हेतु फरसगाँव अस्पताल में भर्ती किया गया है। जहा सभी का उपचार जारी है । घायलों ने बताया जा रहा है कि आकाशीय बिजली गिरी उस वक्त यह तीनों घर के सामने कमरे में बैठे हुए थे घर के सामने स्थित महुआ के पेड़ आकाशीय बिजली गिरी और सभी उसके चपेट में आ गए।

# दो स्थानों से अवैध अंग्रेजी शराब व नकद किया जब्त



**फरसगांव।** पुलिस ने दो अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई करते हुए अवैध अंग्रेजी शराब और नकद बरामद किया है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। कोंडागांव पुलिस अधीक्षक येदुवल्ली अक्षय कुमार के निर्देशन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अनिल विश्वकर्मा के पर्यवेक्षण में थाना फरसगांव पुलिस द्वारा क्षेत्र में लघु एवं प्रतिवंधात्मक कार्रवाई करते हुए 14 जून और 15 जून को दो अलग अलग स्थानों में अवैध शराब की बिक्री करते दो आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है । फरसगांव थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 14 जून को ग्राम आलोर में रोड किनारे अवैध अंग्रेजी शराब की बिक्री करते ग्राम बड़ेडोंगर निवासी परमेश्वर यादव पिता स्व सीताराम यादव उम्र 32 वर्ष को घेराबन्दी कर पकड़ा गया। उसके कब्जे से कुल 4 लीटर 860 एमएल कुल कीमत 5710 रुपये के साथ बिक्री के 520 रुपये नकद जब्त किया गया । इसी तरह दूसरे दिन 15 जून को ग्राम कुल्हाड़गांव चौक के यात्री प्रतिक्षालय के पास रोड किनारे अवैध रूप से अंग्रेजी शराब रख कर बिक्री कर रहे संतोष यादव पिता स्व. वीजूराम यादव उम्र 48 वर्ष निवासी लंजोड़ा को पकड़ा गया। उसके कब्जे से कुल अंग्रेजी शराब 3 लीटर 960 एम.एल. कुल कीमत 5060 रुपए एवं उसके पास से शराब बिक्री के 560 रुपए नकद जब्त किया गया। दोनो प्रकरणों में गवाहों के समक्ष पंचनामा तैयार कर अवैध शराब और नकदी रकम को जप्त किया गया। दोनों आरोपियो के खिलाफ कृत्य अपराध धारा 34 (1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर जमानत मुचलके पर रिहा किया गया। उक्त कार्रवाई में फरसगांव थाना प्रभारी नरेश साहू, प्रआर सतीश चिण्डा, आरक्षक सदेश सोरी, धनीराम सलाम, किरण नेताम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# सर्वाधिक मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए सोरी को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

राष्ट्रीय दृष्टिहीनता एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम को लेकर कलेक्टर व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के दिशा-निर्देश में एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ. जेएस खालसा, डॉ. राजेश सूर्यवंशी नेत्र रोग विशेषज, डॉ. आशीष खालसा नेत्र रोग एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी मगरलोड डॉ. शारदा ठाकुर बीपीएम मनोज कुमार पटेल बीईई एलआर नागेश के मार्गदर्शन में विकासखंड मगरलोड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंगपुर में पदस्थ नेत्र सहायक अधिकारी आरएन सोरी द्वारा अपने कार्यक्षेत्र सेक्टर सिंगपुर में वर्ष 2023-24 में लक्ष्य के विरुद्ध विकासखंड मगरलोड में सर्वाधिक मोतियाबिंद ऑपरेशन कराया गया। फलस्वरूप जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।

ज्ञात हो कि मगरलोड विकासखंड के वनांचल क्षेत्र प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंगपुर में जबसे नेत्र चिकित्सक के तौर पर उनकी पदस्थापना हुई है तब से जरूरतमंद मरीजों को नेत्र चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार



ब्लाइंडनेस, मोतियाबिंद, कार्नियल ओपेसिटी, परमानेंट ब्लाइंडनेस, लो विज़न, ग्लूकोमा, रेटिना एवं ऑप्टिक नर्व, रिफ्रेक्टिव ईरर, प्रेसबायोपिक, राइनो, ट्राइकोम, टेरिजिम जैसी आंखों से सम्बंधित बीमारी का चिन्हांकित कर निःशुल्क इलाज किया गया। वर्ष 2023-24 में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन कराया गया इसके अलावा स्कूली छात्र-छात्राओं का नेत्र परीक्षण कर विद्यार्थियों को निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया। इस कार्य में संस्था प्रभारी टीआर साहू, अस्पताल स्टाफ, सेक्टर सुपरवाइजर, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, सरपंच, पंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं कोटवारों का भी योगदान रहा। इसके लिए डॉ. सोरी ने सभी का आभार व्यक्त किया है।

# नाबालिग का अपहरण करने वाला युवक इंदौर से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

पुलिस ने नाबालिग का अपहरण करने वाले युवक को पुलिस ने इंदौर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

- आरोपी को भेजा गया न्यायिक रिमाण्ड पर जेल

पुलिस के अनुसार जिला कोण्डागांव पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार द्वारा निर्देश प्राप्त हुआ है कि महिला संबंधित अपराध में आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक रूपेश डाण्डे के मार्गदर्शन में एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोण्डागांव रूपेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने नाबालिग को बहला फुसलाकर अपहरण करने वाले आरोपी अजय ठाकुर को 16 जून को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी द्वारा दिनांक एक फरवरी 2024 को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसकी नाबालिग पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर कहीं ले गया है। रिपोर्ट पर गुम इन्सान धारा 363 भादवि का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान अज्ञात आरोपी की लगातार पता तलाश की जा रही थी। इसी दौरान जानकारी प्राप्त हुई




कि अजय ठाकुर द्वारा अपहता को बहला फुसलाकर इन्दौर लेकर गया है। जिस पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर थाना कोंडागांव पुलिस की एक टीम गठित कर इंदौर रवाना की गई। पुलिस टीम ने इन्द्रौर पहुंचकर आरोपी अजय ठाकुर पिता कलीराम ठाकुर उम्र 24 वर्ष निवासी जाति बुनकर निवासी नांदियाखेड़ा तहसील फरसुद जिला खण्डवा मध्यप्रदेश के कब्जे से अपहता नाबालिग बालिका को बरामद किया गया। आरोपी को 16जून विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया। सम्पूर्ण कार्रवाई में निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, उप निरीक्षक नवल कोडोपी , स.उ.नि. अनीता मेश्राम, म.आर. 3011 प्रेमबती नेताम, आरक्षक मनोज पोयाम सायबर सेल कोण्डागॉव का विशेष योगदान रहा।

# तुलसीदास-रत्नावली की कथा ने किया भावविभोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम छिपली में मानसगान का आयोजन किया गया। तकुड़ेरा दादर चुरा के कामता प्रसाद ने कहा कि भक्ति करना चाहते हो तो तुलसीदास एवं रत्नावली की तरह प्रेम हो। रत्नावली के प्रेम में तुलसीदास ने लाश को नाव समझकर नदी पार कर लिया।

इस आयोजन में लक्ष्मी नाथ, अरविंद कुमार सोम, अरुण सोम, जनपद नगरी सभापति मन्नू यादव, सरपच संत नेताम, हृदय साहू, गणेश नगारची, गोविंद सोम, नकुल सोम, लोकनाथ देव, भानु साहू मंच संचालक अमाली, आशीष नाग सहित ग्रामीणजनों का योगदान रहा।

**विधायक दल के साथ किया बालौदाबाजार घटनास्थल का दौरा**

# बालौदाबाजार कलेक्टर परिसर में तोड़फोड़ असामाजिक तत्वों ने की : ओंकार साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विधायक ओंकार साहू ने विधायक दल के साथ बालौदाबाजार पहुंचकर घटना स्थल की जांच की तथा सतनामी समाज के लोगों से बातचीत की। विधायक ने कहा कि अमर गुफा के जैतखाम के साथ तोड़-फोड़ की गई थी।

सतनामी समाज के लोगों ने इसकी सीबीआई जांच की मांग की थी लेकिन सरकार ने सतनामी समाज की मांगों को गंभीरता से नहीं लिया। धार्मिक स्थल में तोड़फोड़ से सतनामी समाज नाराज हो गया। सतनामी समाज ने शांतिपूर्ण आंदोलन करने का फैसला लिया था मगर बीजेपी सरकार सतनामी समाज को न्याय नहीं दिला पाई। अधिकारी, कर्मचारियों के साथ सतनामी समाज के प्रतिनिधि शांतिपूर्ण ढंग बात कर रहे थे।

इसी बीच कुछ असामाजिक तत्वों ने आंदोलन में प्रवेश किया जो सतनामी समाज से नहीं थे और आंदोलन को उग्र बना दिया। श्री साहू ने आगे कहा कि बालौदाबाजार कलेक्टर परिसर में तोड़फोड़ सतनामी समाज के कार्यकर्ताओं ने नहीं बल्कि कुछ असामाजिक तत्वों ने की है।



न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव,जिला कोण्डागांव (छ.ग.)
// ईश्तहार //
रा.प्र.क्र-202406201500002/अ-6/2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण 1. श्री ताम्रध्वज साहू पिता पुरूषोत्तम साहू, उम्र 28 वर्ष एवं 2. चिराग साहू पिता हिरामन साहू उम्र 21 वर्ष जाति तेली दोनों निवासी सरदार वल्लभ भाई पटेल बठेना वार्ड धमतरी तहसील व जिला धमतरी हालमुकाम आड़काछेपड़ापारा कोण्डागांव, तहसील कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा नगर कोण्डागांव के मोहल्ला-आड़काछेपड़ापारा में स्थित भूमि शीट नंबर- 01 भूखण्ड क्रमांक 288/2 क्षेत्रफल 2178 वर्गफुट भूमि, भू-भाटक 3.00 रूपये आवासीय मकान नजूल संधारण खसरा किरण सोनी पति पुरन सोनी सा. देह के नाम पर दर्ज है। उक्त भूखण्ड क्रमांक 288/2 क्षेत्रफल 2178 वर्गफुट भूमि, भू-भाटक 3.00 रूपये को ई-पंजीयन क्रमांक IN-CG54393829640695w पंजीकृत बिक्री विलेख क्रमांक CG-2024-25-194-1-96 दिनांक 30.05.2024 को रूपये 8,56,122/- शब्दों में (आठ लाख छप्पन हजार एक सौ बाइस रूपये) में क्रय करने के पश्चात आवेदकगण 1. श्री ताम्रध्वज साहू पिता पुरूषोत्तम साहू, उम्र 28 वर्ष एवं 2. चिराग साहू पिता हिरामन साहू उम्र 21 वर्ष जाति तेली दोनों निवासी सरदार वल्लभ भाई पटेल बठेना वार्ड धमतरी तहसील व जिला धमतरी हालमुकाम आड़काछेपड़ापारा कोण्डागांव, तहसील कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 110 के तहत उक्त क्रयशुदा भूमि पर विक्रेता का नाम विलोपित कर आवेदकगण स्वयं का नाम दर्ज करवाने हेतु तलवाना, नक्शा, मेन्टीनेन्स खसरा एवं बिक्री विलेख की छायाप्रति सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 24.06.2024 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.06.2024 को जारी किया जाता है।

(मुहर)
नजूल अधिकारी
जिला कोण्डागांव (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ के अफसरों के साथ प्रधानमंत्री बुधवार को वर्चुअल चर्चा करेंगे

**रायपुर।** सिकलसेल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को छत्तीसगढ़ के सिकलसेल मरीजों के अलावा अफसरों से वर्चुअल चर्चा करेंगे। इसके लिए राज्य के अफसरों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। आदिम जाति विकास विभाग के अफसरों के मुताबिक बस्तर, बलरामपुर-रामानुजगंज एवं रायपुर में टू-वे-कनेक्टिविटी की व्यवस्था करने तथा शेष जिलों में वन-वे-नेटवर्क कनेक्टिविटी से जुड़े रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा सभी जिलों के कलेक्टर, सहायक आयुक्तों एवं परियोजना प्रशासकों को पत्र जारी कर आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश में सिकलसेल के लिए राष्ट्रीय स्तर का रिसर्च सेंटर प्रारंभ करने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए हैं।

### इंदिरा सिंह के निधन पर रमन, भूपेश, महंत और बैज ने दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** सरगुजा राज परिवार की इंदिरा सिंह (बेबीराज) के निधन पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि ईश्वर उन्हें अपने चरणों में स्थान दे तथा इस



दुख की घड़ी में परिवारजनों को सहनशक्ति एवं पूण्य आत्मा को शांति प्रदान करे। उनके निधन पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने ट्विट कर लिखा कि 'अभी बेहद दुखद सूचना प्राप्त हुई है। सरगुजा राजपरिवार की इंदिरा सिंह का देहांत हो गया है। वो लंबे समय से गंभीर बीमारी से संघर्ष कर रही थीं। हम सब उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हैं। इस दुःख की घड़ी में सिंहदेव परिवार के साथ हम सब हैं। यह हमारी पारिवारिक क्षति भी है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने अंबिकापुर स्थित उनके निवास पर पहुंचकर दिवंगत इंदिरा सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं कहा कि हम सभी दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवार के साथ हैं । रमन ने जताया दुख विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ट्विट कर दुख जताते हुए कहा, सरगुजा राजपरिवार की इंदिरा सिंह के देहांत के समाचार से मन अत्यंत दुःखी है। पिछले 6 महीनों से कैंसर से जूझते हुए आज उन्होंने अंतिम सांस ली, मैं श्रीहरि से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें। इस दुःखद समय में टीएस सिंहदेव और सभी शोकाकुल परिजनों के प्रति मैं संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।

### नीट की परीक्षा रद्द कर फिर से कराई जाये : कांग्रेस

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, नीट परीक्षा कांड के बारे में भाजपा नेताओं की बोलती क्यों बंद है? छत्तीसगढ़ पीएससी में भाजपा के बिना तथ्य गड़बड़ी के आरोप पर सीबीआई जांच कराने की घोषणा की गई। नीट परीक्षा की सीबीआई जांच क्यों नहीं करवाई जा रही है? भाजपा की मोदी सरकार की लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण देश के 25 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं का भरोसा नीट से उठ गया है।

---

**मुख्यमंत्री ने कहा-** हर घर में पाइपलाइन से पानी पहुंचाने मिशन के कार्य में लाएं तेजी

# जल जीवन मिशन के तहत राज्य के 39 लाख घरों में पहुंच रहा है नल का पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और विभागों के काम में कसावट लाने समीक्षा बैठक ले रहे हैं। उन्होंने शनिवार को लगातार तीसरे दिन अलग-अलग विभागों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने पीएचई विभाग की बैठक में बरसात के दिनों में प्रदेश में स्वच्छ पेयजल के लिए पुख्ता व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने जन कल्याणकारी योजनाओं के मैदानी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। जल जीवन मिशन के तहत राज्य के 39.14 लाख घरों में नल का पानी पहुंच रहा है। अब तक इसके तहत 78 प्रतिशत कार्य पूरे हो गए हैं। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाते हुए राज्य के हर घर में पाइपलाइन के जरिए शुद्ध पेयजल पहुंचाने का शत-प्रतिशत लक्ष्य जल्द हासिल करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने अपने निवास कार्यालय में हुई समीक्षा बैठक में कहा, आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए शुद्ध पेयजल के लिए जलापूर्ति व्यवस्था के आवश्यक रखरखाव और मरम्मत का कार्य पूर्ण करें। मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांवों में नियुक्त किए जाने वाले नल जल मित्रों का प्रशिक्षण कौशल विकास केंद्रों के माध्यम से यथाशीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, विभाग में तकनीकी अमला बढ़ाने के लिए नई भर्तियों के प्रस्ताव भी शीघ्र भेजें। मुख्यमंत्री ने खारे पानी, भू-जल में भारी तत्वों की मौजूदगी और जल स्तर के ज्यादा नीचे चले जाने की समस्या से जूझ रहे गांवों के लिए जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित किए जा रहे 71 मल्टी-विलेज योजनाओं का काम तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे उन गांवों में यथाशीघ्र साफ पेयजल पहुंच सके। बैठक में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, मुख्य सचिव अमिताभ जैन तथा मुख्यमंत्री सचिवालय, जल जीवन मिशन और विभागीय अधिकारियों के साथ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की।



**राज्य मद से स्वीकृत की जाएं मल्टी विलेज योजनाएं : साव**

उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव ने समीक्षा बैठक में जल जीवन मिशन के तहत गांवों में पेयजल व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए संचालन-संधारण नीति जल्द तैयार करने की जरूरत बताई। उन्होंने जलस्रोतों को रीचार्ज करने मनरेगा के माध्यम से आवश्यक संरचनाओं के निर्माण पर जोर दिया। ऐसे गांवों में जहां पेयजल आपूर्ति के लिए भू-जल स्रोत नहीं मिल रहे हैं, उन गांवों के लिए नई मल्टी-विलेज योजनाएं राज्य मद से स्वीकृत करने का आग्रह मुख्यमंत्री से किया। उन्होंने सुझाव दिया कि इसके लिए सीएसआर या डीएमएफ फंड से राशि की व्यवस्था की जा सकती है। उन्होंने तेजी से नए नलकूपों के खनन के लिए विभाग में नई ड्रिलिंग मशीनें खरीदने की जरूरत भी बताई।

#### जलजीवन मिशन के तहत 78 प्रतिशत काम पूरे

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुल हक ने बैठक में बताया कि प्रदेश में अब तक 39 लाख 14 हजार से अधिक घरों में पाइपलाइन के जरिए स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल पहुंचाया जा चुका है। जल जीवन मिशन के तहत अब तक 78 प्रतिशत से अधिक लक्ष्य को हासिल किया जा चुका है। राज्य के 3356 गांवों में शत-प्रतिशत, 5093 गांवों में 90 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तथा 3153 गांवों में 80 प्रतिशत से 90 प्रतिशत घरों में नल का पानी पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि गांवों में पंचायतों द्वारा जलापूर्ति व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए नल जल मित्र की नियुक्ति की जाएगी।

#### पेयजल संबंधी शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर

उन्होंने बैठक में बरसात के दिनों में प्रदेश में स्वच्छ पेयजल के लिए पुख्ता व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए पीएचई विभाग के टोल-फ्री नम्बर 1800-233-0008 का व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा।

---

## आरंग, नयापारा, अभनपुर केंद्री में जनता के बीच पहुंचे सांसद बृजमोहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

*लोकसभा चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत के बाद रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शनिवार को आरंग, नयापारा, अभनपुर, केंद्री में विजय आभार रैली निकाली। इस रैली में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। आमजन के साथ ही विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और व्यापारिक संगठनों ने जगह-जगह सांसद का भव्य स्वागत किया। लोगों ने आतिशबाजी और पुष्प वर्षा की। कई स्थानों पर उनको फलों और लड्डुओं से तौला गया। श्री अग्रवाल ने जनता को संबोधित करते हुए कहा, लोकसभा चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत जनता के प्यार और आशीर्वाद का परिणाम है। यह मोदी जी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन का नतीजा है, जिस पर क्षेत्र की जनता ने मोहर लगाई और एक बार फिर से भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड मतों से जीत दिलाई है। यह जनता के विश्वास का ही परिणाम है कि इस जीत ने रायपुर का नाम देश भर में रोशन किया है। श्री अग्रवाल ने अपनी जीत का श्रेय भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं को भी दिया। उन्होंने कहा, कार्यकर्ताओं की लगन और कठिन परिश्रम के कारण ही आज रायपुर की जीत देश की 10 सबसे बड़ी जीतों में शामिल हो सकी।*

- **कहा- भाजपा की जीत मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन पर जनता की मोहर**

---

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र का मामला, हत्यारों की पतासाजी में जुटी पुलिस

## युवक की हत्या कर लाश खारुन में फेंकी, एक सप्ताह पूर्व की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एक सप्ताह पूर्व पुलिस ने पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में खारुन नदी में एक अज्ञात युवक की लाश बरामद की थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की हत्या होने की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही पुलिस ने अज्ञात युवक की शिनाख्त कर ली है। मृतक खमतराई थाना क्षेत्र का रहने वाला है। हत्या की घटना को सुलझाने पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक खमतराई, सन्यासीपारा निवासी विधाता यादव की भाठागांव खारुन नदी में सोमवार को लाश मिली थी। इस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की। इसी दौरान पुलिस को मृतक की शार्ट पीएम रिपोर्ट मिली। शार्ट पीएम रिपोर्ट में सिर पर चोट के निशान मिले। इसके बाद पुलिस ने हत्या का अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। शिनाख्ती के बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों से संपर्क कर पूछताछ की। मृतक के परिजनों से पूछताछ के आधार पर पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस पता लगाने की कोशिश कर रही है कि विधाता खारुन नदी किन लोगों के साथ और क्या करने के लिए गया था।



---

पुराना स्लैब नीचे गिरने से गंदे पानी का निकास बाधित

## धरम नगर, छत्तीसगढ़ नगर बस्ती के बड़े नाला की सफाई, 3 क्विंटल स्लैब निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहीद पंकज विक्रम वार्ड के छत्तीसगढ़ नगर और धरमनगर बस्ती के बड़े नाला की बारिश पूर्व शनिवार को सफाई कराई गई। इस दौरान भारी मशक्कत के बाद 3 क्विंटल स्लैब बाहर निकाला गया। सुबह से ही नाला सफाई के लिए छोटी पोकलेन मशीन और जोन गैंग की टीम को इस कार्य में लगाया गया। इस दौरान 5 डंपर मलबा नाला से बाहर निकाला गया।

नगर निगम जोन 6 के बड़े नाला की सफाई के दौरान भारी मात्रा में मलबा बाहर निकालकर गंदे पानी का सुगम निकास की व्यवस्था की गई। जोन अध्यक्ष निशा देवेंद्र-यादव ने बताया कि धरम नगर, छत्तीसगढ़ नगर जैसी घनी आबादी में बारिश का पानी पचपेड़ी नाका, मार्बल लाइन रिंग रोड से होकर संतोषी नगर निकलता है। इसकी सफ़ाई किया जाना बहुत ज़रूरी था, इसे देखते हुए निगम ने छोटी पोकलेन मशीन और ज़ोन के सफाई कामगारों की टीम को सुबह से ही नाला सफ़ाई के लिए लगाया गया।



सफाई के दौरान रिंग रोड में अशोक मार्बल के सामने नाला में मार्बल व्यवसायियों द्वारा लंबा स्लैब डाल दिया गया था, जिसमें वहीं पर पुराना स्लैब नीचे में गिर जाने के कारण नाला जाम रहा। सफ़ाई के दौरान भारी मशक्कत के बाद करीब 3 क्विंटल स्लैब और 5 डंपर मलबा नाले से बाहर निकाला गया।

---

## भूपेश ने बलौदाबाजार की घटना पर उठाए नौ सवाल

**कहा- इनके जवाब आ जाएं तो पूरा मामला साफ हो जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बलौदाबाजार की घटना को लेकर नौ सवाल उठाते हुए कहा, इनके जवाब आ जाएं तो पूरा मामला साफ हो जाएगा। घटना से आम आदमी डरा सहमा हुआ है, उनका सरकार पर से भरोसा उठ गया है।



उन्होंने कुछ सावल उठाते हुए कहा, पूरे आंदोलन में भाजपा जिलाध्यक्ष सनम जांगड़े और अन्य भाजपा नेताओं की भूमिका क्या थी। धरना प्रदर्शन को कलेक्टर से परमिशन दिलाने वाला कौन था? रैली में आने वाले लोगों के लिये भोजन, मंच, पंडाल, माइक के लिए रुपयों की व्यवस्था किसने की? घटना के बाद भड़काऊ भाषण देने वाले भीम आर्मी के लोगों की गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई? नागपुर से 250 से अधिक लोग आये, वो कौन थे? उन पर नजर क्यों नहीं रखी थी? भीड़ में लोग लाठी, डंडा लेकर आये थे, उनको रोका क्यों नहीं गया? रैली की शुरुआत से ही उपद्रव शुरू हो गया था, उसके बावजूद लोगों को कलेक्टोरेट क्यों जाने दिया गया? रोकने की कोशिश क्यों नहीं हुई? आम जनता के वाहन जलाये जा रहे थे, लोगों को दौड़ा कर पीटा जा रहा था, तब पुलिस कहां थी? एसपी किसके इशारे पर शांत बैठे थे? घटना को रोकने के बजाय पलायन क्यों कर गये?

**आम आदमी को बनाया गया निशाना**

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, बलौदाबाजार के घटनाक्रम ने छत्तीसगढ़ को कलंकित करने का काम किया है। घटना में आम आदमी को निशाना बनाया गया है। नागरिकों को भयमुक्त वातावरण देने कानून व्यवस्था बनाये रखने की जवाबदारी सरकार की है।

---

## बैज बोले- 6 माह में छत्तीसगढ़ बदहाल

**कानून व्यवस्था की स्थिति खराब**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को मंत्रियों के विभागों की समीक्षा के बजाय अपनी पूरी सरकार का आत्म अवलोकन करना चाहिये। 6 माह में भाजपा की पूरी सरकार ही विफल साबित हुई है, सिर्फ मंत्रियों के विभागों की समीक्षा से कुछ हासिल नहीं होने वाला है। पूरी सरकार हर मोर्चे पर फेल साबित हो चुकी है।



उन्होंने कहा, राज्य में भ्रष्टाचार और कुशासन का दौर हावी है। साय सरकार के 6 माह में छत्तीसगढ़ बदहाल हो गया। कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो गयी। एसपी कलेक्टर कार्यालय जला दिया गया। उन्होंने कहा, हत्याओं का नया रिकॉर्ड बन गया। गोतस्करी की घटनाएं शुरू हो गयीं। महिलाओं के प्रति अपराधों में बढ़ोतरी हो गयी। लूट, अपराध, डकैती, चाकूबाजी की घटनायें बढ़ गयीं। अपराध और अपराधी बेलगाम हो चुके हैं। नक्सली घटनायें बढ़ गयीं, सरकार ने 6 माह में कोई घोषित नक्सल नीति नहीं बनाई। उन्होंने कहा, सरकार ने व्यापारियों का भयादोहन शुरू कर दिया, जीएसटी के छापे मारे जा रहे। जमीनों के खसरा लॉक कराया जा रहा, नामांतरण बटांकन रजिस्ट्री रोक कर जमीन व्यापारियों से वसूली की जा रही। पांच सौ रुपया में रसोई गैस सिलेंडर, छात्रों को स्कूल कॉलेज जाने भत्ता, 1 लाख सरकारी पदों पर भर्ती, कृषि भूमिहीन मजदूरों को 10 हजार रुपए सालाना देने का वादा भूल गये।


---

## खाद्य अधिकारी राशन दुकानों के घोषणापत्र में दर्ज खाद्यान्न की जांच 30 तक पूरी करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खाद्य विभाग की राशन दुकानों से 600 करोड़ का राशन गायब होने के मामले में विधानसभा की जांच समिति गठित होने के बाद खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने खाद्य अधिकारियों को राशन दुकानों के घोषणापत्र में दिखाए गए खाद्यान्न की जांच 30 जून तक पूरी करके देने के निर्देश दिए। पीडीएस का जिम्मा संभालने वाले अधिकारियों को मंत्री ने कहा, पीडीएस में घोटाले में संलिप्त पाए जाने वालों पर कार्रवाई होगी। मंत्री ने खाद्य विभाग, नान और मार्कफेड के अधिकारियो की बैठक ली।

- **खाद्य मंत्री बघेल ने बैठक लेकर कहा- गड़बड़ी करने वालों पर होगी कार्रवाई**



प्रदेश की तेरह हजार राशन दुकानों में से पांच हजार राशन दुकान ऐसी हैं, जिनमें 600 करोड़ का राशन गायब है। घोटाले के लिए संचालनालय खाद्य के एक अधिकारी को जिम्मेदार माना जा है। मामले में अपने आप को बचाने के लिए राशन दुकानों में बाजार से राशन सामग्री खरीद कर रखवाने के लिए अधिकारियों को जूम कांफ्रेंसिंग के जरिए आदेश दिए गए थे। दुर्ग, कांकेर, बालोद जिले में अनेक राशन दुकानदारों ने शपथपत्र बना कर रखा है, जिसमें उनके द्वारा जानकारी दी गई है कि उन्होंने बाकायदा खाद्य विभाग के माध्यम से अपना कोटा कटवाने का आवेदन किया था। डेढ़ हजार से अधिक राशन दुकानों का आवेदन संचालनालय में पड़ा रहा, लेकिन कार्यवाही किए जाने के बजाय अपर संचालक ने कोटा जारी करवाया।

**किया गया फर्जी भंडारण**

प्रदेश के हजारों राशन दुकानदारों का कहना है कि नागरिक आपूर्ति निगम और ट्रांसपोर्टर द्वारा फर्जी भंडारण किया गया है। इसकी पुष्टि नागरिक आपूर्ति निगम में जमा पावती की जांच में सामने आएगी। प्रदेश राशन दुकान संचालक एसोसिएशन ने विधानसभा जांच समिति के सभापति से मिलकर जांच में राशन दुकान संचालक संघ के अध्यक्ष को भी बुलाने की मांग की है। उनका कहना है कि जब तक वितरण की एंट्री नहीं कर दी जाती थी, तब तक कोटा जारी नहीं होता था। ऐसे में फरवरी 2022 के घोषणापत्र को रीस्टोर किया जाकर निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए।

---

मुख्यमंत्री साय एवं सचिव दयानंद ने सराहा

## देवभोग के घने जंगल में खतरों से जूझते हुए खराबी खोजकर 179 गांवों को किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मानसून के पहले आए आंधी तूफान से बाधित हुई विद्युत आपूर्ति को सुधारने के लिए प्रदेशभर में बिजली कर्मी जी-जान लगाकर जुटे हुए हैं। राजधानी से 250 किलोमीटर दूर देवभोग के घने जंगल में आंधी तूफान के कारण पेड़ गिरने से बिजली तार टूट गए, जिसे विद्युत अमले ने त्वरित गति से कार्य करते हुए आधी रात को ही सुधारकर उपभोक्ताओं तक विद्युत आपूर्ति बहाल की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा जनसेवा के कार्यों को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने मौसम की चुनौतियों का सामना कर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने वाले विद्युतकर्मियों की सराहना की है। पॉवर कंपनी के अध्यक्ष पी. दयानंद ने भी कर्मियों के साहस और समर्पण की प्रशंसा की और उन्हें इसके लिए बधाई दी, वहीं धैर्य रखने के लिए आम जनता को धन्यवाद प्रेषित किया है। रायपुर ग्रामीण क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक संदीप वर्मा ने बताया तेज आंधी तूफान और बारिश के कारण 33 केवी देवभोग फीडर लाइन फॉल्ट(बंद) हो गई। जिसे शीघ्र ही देवभोग के अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा पेट्रोलिंग कार्य प्रारंभ किया गया। घने व लंबी दूरी तक के जंगल, सीमित मानव संसाधनों, हाथी व नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के बावजूद विद्युत कर्मियों ने रात में ही पेट्रोलिंग कार्य जारी रखा। कार्यपालन अभियंता गरियाबंद ने अधिकारियों-कर्मचारियों को सुरक्षित रहते हुए, सुरक्षा नियमों का पालन करने के निर्देश दिए तथा सुधार कार्यों की निरंतर जानकारी लेते रहे। कार्यपालक निदेशक श्री वर्मा फोन पर व वाट्सएपप संदेश के माध्यम से विद्युत बहाली हेतु रात्रि में जारी विद्युत कर्मियों के लगातार संपर्क में रहे। विद्युत कर्मचारियों द्वारा नक्सल प्रभावित व हिंसक वन्य प्राणियों की मौजूदगी वाला क्षेत्र होने के बाद भी गाड़ियों और पैदल पेट्रोलिंग करते हुए, घुप्प अंधेरे में टार्च की रोशनी तथा बरसते पानी के बीच लगातार अपनी जान की परवाह किये बगैर सुधार कार्य जारी रखा। रात 10.43 बजे नाला एबी स्विच के पास पहला फाल्ट, रात 10.51 बजे बुडगेलटप्पा के पास दूसरा फाल्ट इसी प्रकार धुरवागुड़ी नाला एबी स्विच के पास रात 12.22 बजे तीसरा फाल्ट मिला। लाइनों में गिरे पेड़ों और पेड़ों की डालियों को काटकर लाइनों से अलग किया गया।



---

वर्ष 2018 बैच के हैं छात्र, मार्च में इंटर्नशिप पूरा कर चुके

## स्वास्थ्य केंद्रों में कमी, आठ सौ डाक्टर कर रहे बांड पोस्टिंग का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में डाक्टरों की कमी है और दूसरी ओर करीब आठ सौ चिकित्सा अधिकारी बांड पोस्टिंग का इंतजार कर रहे हैं। सभी वर्ष 2018 बैच के छात्र हैं और मार्च में इंटर्नशिप पूरा कर चुके हैं। आचार संहिता की वजह से आदेश लटक गया था, जिसे शीघ्र जारी करने चिकित्सकों के संगठन ने ज्ञापन सौंपा है।

राज्य के लोगों को प्राथमिक स्तर पर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हमर क्लीनिक, हमर अस्पताल के साथ जन आरोग्य आयुष्मान मंदिर का संचालन किया जा रहा है। इन हेल्थ सेंटरों में एमबीबीएस की पढ़ाई करने वाले चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की जाती है। बताया जाता है कि पूर्व में जिन चिकित्सा अधिकारियों की तैनाती की गई थी, उनमें कइयों की बांड अवधि पूरी हो चुकी है अथवा कई पीजी सहित अन्य पढ़ाई के लिए अध्ययन अवकाश पर जा चुके हैं। इसकी वजह से स्वास्थ्यों केंद्र चिकित्सक विहीन हो चुके हैं। आठ सौ चिकित्सा अधिकारयों को अनुबंध सेवा के तहत पोस्टिंग दिए जाने से इस समस्या का समाधान हो सकता है। सूत्रों के अनुसार वर्ष 2018 बैच के सभी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश लेने वाले छात्रों ने इंटर्नशिप पूरा कर लिया है, मगर उनकी बांड पोस्टिंग नहीं हो पाई है। मार्च में इंटर्नशिप के बाद आचार संहिता लगने की वजह से इनकी नियुक्ति नहीं हो पाई थी। यूनाइटेड डाक्टर फ्रंट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर नियुक्ति आदेश जारी करने के मांग की है।

#### तो जा सकते हैं न्यायालय

सूत्रों का कहना है कि पढ़ाई पूरी होने के छह माह के भीतर चिकित्सा विशेषज्ञ अथवा चिकित्सा अधिकारियों को अनुबंध सेवा में पोस्टिंग देना आवश्यक होता है। ऐसा नहीं होने पर इसे बांड शर्तों का उल्लघंन माना जाता है। नियम का पालन नहीं होने के मामले में संबंधित चिकित्सक बांड राशि वापस लेने न्यायालय की शरण में जा सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### कोन्टा में हार के लिए विधायक को देना चाहिए इस्तीफा : सुब्रतो



**जगदलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता केन्द्र सरकार के काम विष्णुदेव साय का 100 दिन का सुशासन कवासी लखमा के विधानसभा के गढ़ को महेश कश्यप ने हिला डाला। इसलिए कोंटा विधायक को नैतिकता के आधार पर पद से त्यागपत्र दे देना चाहिए। विधानसभा के भाजपा नेता हुंगाराम मरकाम, दिपीका सोरी समेत सुकमा जिला के प्रभारी केदार कश्यप की रणनीति और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है कि कांग्रेस का लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप को कोंटा विधानसभा में बढ़त मिली। अपराजेय विधायक पूर्व मन्त्री को कलचा गांव के पूर्व सरपंच जो पिछला सरपंच चुनाव हार चुके है उनसे हार बैठे। सुब्रतो विश्वास ने कहा बड़ी-बड़ी बाते करने वाले लखमा का व्यक्तव्य था कि वे देश विदेश घूमे है उन्हें सब जानते है महेश कश्यप को कौन जानता है।

### दक्षिण-पश्चिम मानसून सुकमा से बीजापुर पहुंचा



**जगदलपुर।** दक्षिण पश्चिम मानसून की उत्तरी सीमा नवसारी, जलगांव, अमरावती, चंद्रपुर, बीजापुर, सुकमा, मलकानगिरी और विजयनगरम की ओर है। मानसून को आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई है, अगले चार-पांच दिनों में प्रदेश के अन्य हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के पहुंचने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के विज्ञानी एचपी चन्द्रा के मुताबिक वायुमण्डल में एक पूर्व पश्चिम द्रोणीका बिहार से मेघालय तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके प्रभाव से 17 जून को कुछ स्थानों पर (25 प्रतिशत से 50 प्रतिशत स्थानों पर) स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। चन्द्रा के मुताबिक साथ ही प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की भी संभावना है। प्रदेश में कल के बाद अधिकतम तापमान में गिरावट होने की संभावना बन रही है। 17 जून से प्रदेश में वर्षा की गतिविधि में वृद्धि होने की सम्भावना है । 18 जून से दक्षिण छग के कुछ और भाग में मानसून सक्रीय होने की सम्भावना है ।

### रविवार को भी जारी रहा नगरनार में धरना



**जगदलपुर।** जय झाड़ेश्वर परिवहन समिति के आह्वान पर पिछले सप्ताह भर से नगरनार स्टील प्लांट के सामने क्षेत्रवासियों का धरना आज रविवार को भी जारी रहा। समिति के कई पदाधिकारी मुख्यमंत्री से मिलने रायपुर में हैं, वहीं अन्य सदस्य नगरनार में धरने पर बैठे।

## अधिकारी एवं कर्मचारियों ने योग कर गिनाए फायदे

# तनाव मुक्त रहने के लिए प्रतिदिन योग जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

10वें विश्व योग दिवस के पूर्व छत्तीसगढ़ पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में रविवार को कर्मचारी एवं अधिकारियों का योग सत्र आरंभ हुआ। प्रातः 5.30 से 8 बजे तक सिरहासार चौक में कर्मचारी एवं

■ योग की क्रियाएं सीखी और जीवन में योग अपनाने का लिया संकल्प

अधिकारियों ने योग में भाग लिया तथा कार्यालय, संस्था में तनाव मुक्त कार्य करने योग की क्रियाएं सीखी और जीवन में योग अपनाने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा ने उपस्थित योग साधकों को कहा



कि मेरे पिता भी विगत 40-50 वर्षों से योग कर रहे हैं। मैं स्वयं इसके फायदे को प्रत्यक्ष देख रहा हूं। इसलिए योग को हमें अपने जीवन में अपनाना चाहिए। अध्यक्ष गजेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि हमें कार्यालय में तनाव मुक्त रहने के लिए प्रतिदिन कम से कम 1 घंटे योग करना चाहिए। उन्होंने पतंजलि योग समिति के प्रभारी डॉ. मनोज पाणिग्राही का आभार माना। संभाग प्रभारी कैलाश चौहान ने योग से होने वाले लाभ के बारे में बताया तथा इसे दैनिक दिनचर्या में शामिल करने की बात कही और अपने आहार विचार को नियंत्रित करने को कहा। आनंद सिंह परियोजना प्रशासक आदिवासी विकास ने कहा कि मैं कई वर्षों से योग से जुड़ा हूं इससे आप तनाव मुक्त तथा शारीरिक रूप से स्वस्थ रहते हैं। इस दौरान संजय चौहान, प्रमोद पांडे, सुभाष पांडे, जीएल यादव, देवराज खूंटे, गणेश्वर नायक, मनोज महापात्र, संजय वैष्णव, अनिल प्रसाद गुप्ता, संतोष काची, के. मुरलीधर, जोगेंद्र कश्यप, रामनाथ कश्यप, रविंद्र गुप्ता, टी. वेंकटेश्वर राव समेत अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 6 दिन के प्रशिक्षण में 100 शिक्षकों ने जाना बच्चों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की नीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बच्चों में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा एवं मातृभाषा में शिक्षा देने बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के लिए बस्तर जिले के शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी-हिन्दी माध्यम विद्यालय भानपुरी में 15 जून से 6 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ।

जिसमें बस्तर ब्लॉक के 100 शिक्षक शामिल हुए। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों में स्तर के अनुसार 2026-27 तक लक्षित दक्षता को हासिल करना है। प्रशिक्षण में भाषा को किस प्रकार चार खण्डिय मॉडल मौखिक भाषा विकास, डिकोडिंग, पठन एवं लेखन को बच्चों तक किन किन स्टेप को प्रयोग में लाते हुए पहुंचाएं ताकि बच्चें सहज ही भाषा पर अपनी समझ बना सके। इसी प्रकार गणित शिक्षण को भी रुचिकर बनाने के लिए मौखिक गणित, कौशल शिक्षण, अभ्यास एवं खेल-खेल में गणित के माध्यम से बच्चों को दक्ष करने के टिप्स शिक्षकों को दिया गया। प्रशिक्षण में 20 सदी के शिक्षण और 21 सदी के शिक्षण के अंतर स्पष्ट करते हुए शिक्षण में नवाजतन का प्रयोग करते हुए बच्चों को कैसे तैयार करे इसकी जानकारी दी गई। 6 दिवसीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षक डीआरजी उमाशंकर साहू, डमरू पंत, परमेश्वर ठाकुर, कृष्णा बघेल, एलएलएफ से संजय गुलाटी, सुभाष वैष्णव, गोकुल दीवान, सिन्हा सर व प्राचार्य संजीव शर्मा सकुंल समन्वयक उपस्थित रहे।

## दुर्घटनाओं को रोकने पीडब्ल्यूडी ने लगाया लोहे का बेरियर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

संभागीय मुख्यालय में स्थित ऐतिहासिक दलपत सागर एवं इसी सड़क में बुजुर्ग, युवा, बच्चे, महिलाएं रोज सुबह, शाम को वॉकिंग करते हैं।

सड़क में चार, दोपहिया सहित ट्रकों की आवाजाही हो रही थी, जिससे हमेशा दुर्घटनाएं होनी की संभावना बनी रहती थी। इसकी सूचना पर जिला प्रशासन की ओर संबंधित विभाग को बेरियर लगाने का निर्देश दिए, जिससे लोक निर्माण विभाग ने शहर एवं धरमपुरा में दलपत सागर सड़क में लोहे का बेरियर लगा दिया। इससे वर्तमान में इस सड़क में चार एवं दोपहियों का आना-जाना हो रहा है, पर ट्रकों को प्रतिबंधित किया गया। इस पर रोज वॉकिंग करने वालों ने बताया कि दलपत सागर सड़क में बने बेरियर से राहत मिली, क्योंकि इसी सड़क से लोग ट्रकों में अवैध रेत का परिवहन भी कर रहे थे।

■ दलपत सागर सड़क में ट्रकों की आवागमन से हो रही दुर्घटनाएं

■ सुबह व शाम को बुजुर्ग, युवा व बच्चे करते हैं वॉकिंग



**दोनों ओर लगे बेरियर**

*लोक निर्माण विभाग जगदलपुर के कार्यपालन अभियंता एके सिंह ने इस संबंध में बताया कि जिला प्रशासन के निर्देश पर दलपत सागर सड़क के दोनों ओर लोहे का बेरियर लगाया गया है, जिससे ट्रकों का प्रतिबंधित किया गया है।*

## पंचमुखी मां गायत्री प्राण प्रतिष्ठा दो दिवसीय कार्यक्रम का हुआ समापन







हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोंगपाल

तोंगपाल गायत्री परिवार एवं शांतिकुज प्रतिनिधि हरिद्वार द्वारा वैदिक मंत्र एवं विधि-विधान के साथ पंचमुखी मां गायत्री की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की गई।

प्राण प्रतिष्ठा में तोंगपाल क्षेत्र के अनेकों भक्तों ने भाग लिया। दो दिवसीय कार्यक्रम में पहले दिन शनिवार 15 जून से प्रारंभ होकर 16 जून को सम्पन्न हुआ। जिसमें पहले दिन सुबह 7 बजे नगर में जल कलश शोभायात्रा निकाली गई एवं गायत्री प्रज्ञामंडल से परिक्रमा करते हुए बारू नदी में भगवान वरुण की पूजा आराधना किया गया एवं 11 बजे वापस पधार कर संध्या 6 बजे विराट दीप महायज्ञ द्वारा सम्पन्न किया गया। दूसरे दिन 16 जून को सुबह 5 बजे से 24 कन्याओं के माध्यम से सामुहिक जप कर 6 बजे पंचमुखी मां गायत्री प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा किया गया, जिसमें शांतिकुज हरिद्वार से पधारे टोली नायक ओम प्रकाश साहू एवं संगीत टोली विशेष रूप से उपस्थित रहे जिनके मार्गदर्शन में तोंगपाल गायत्री प्रज्ञापीठ में सुबह 9 बजे 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ विविध संस्कार 1 बजे हवन की पूर्णाहुति कर भोजन, भण्डारा वितरण कर 4 बजे गोष्ठी एवं हरिद्वार से आये शांतिकुंज प्रतिनधियों का विदाई किया गया।

इस कार्यक्रम के शुभ अवसर पर तोंगपाल क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक, भक्तगण, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्र के नायब तहसीलदार राजेश सोमवंशी विशेष रुप से उपस्थित रहे।

**ईश्वर का दर्शन कर पाएंगे**

*नायब तहसीलदार तोंगपाल राजेश सोमवंशी ने बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा से आशय केवल इतना ही है कि एक न एक दिन हमें अपनी इस पंचमहाभूतों से बनी देह प्रतिमा में उस परमात्मा को जो इसमें पहले से ही उपस्थित है, साक्षात्कार कर प्रतिष्ठित करना है। जब हम अपनी देह में उस परमात्म तत्त्व को अनुभूत कर पाएंगे तभी हम संसार के समस्त जड़-चेतन में उस ईश्वर का दर्शन कर पाएंगे।*

## शाला प्रवेशोत्सव की तैयारी जोरों पर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानपुरी

बस्तर विकासखंड के ग्राम राजपुर में समुदाय ने शिक्षा से जुड़ते हुए एक नई मिसाल कायम की है। 18 जून से शाला संचालन करने की तैयारी जोर शोर से चल रही है। समुदाय भी इससे अछूता नहीं रहा। शिक्षकों की तैयारी को देखते हुए

■ युवाओं व ग्रामीणों ने की स्कूल की साफ-सफाई



ग्राम राजपुर के युवाओं ने स्वयं से पहल करते हुए ग्रामीणजनों के साथ पहुंचकर प्राथमिक शाला पटेलपारा राजपुर की साफ सफाई में हाथ बटाते हुए श्रम दान किया।

शाला के कक्षाओं, शाला परिसर की साफ सफाई कर सभी पोषण वाटिका की तैयारी में जुट गए और ट्रैक्टर लाकर पोषण वाटिका की जुताई का कार्य संपन्न करवाया। प्रवशोत्सव की तैयारी में मनबोध, गोंचू कश्यप,सोनारू कश्यप, मेहतु सिन्हा, सहादेव कश्यप, रैतु कश्यप, खतो कश्यप, पुरन कश्यप, शांतनु कश्यप, श्रीमती हेमलता कश्यप, सुमती कश्यप, सोमारी, मालती, नलबती कश्यप, सोमारु, लोहित, ललीता कश्यप, बनीता कश्यप कीरण कश्यप, भुपेश, रुपेश,अमृत ने अपना श्रम दान किया। समुदाय के इस सहयोग के लिए संकुल समन्वयक गजेंद्र सिंह ठाकुर, प्रधान अध्यापक पंचम राम नेगी और शिक्षक पुरुषोत्तम नेताम ने सभी के लिए बिस्किट की व्यवस्था की और 18 जून प्रवेशोत्सव के लिए सभी को आमंत्रित करते हुए भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा के साथ धन्यवाद दिया। शालाओं से समुदाय का इस तरह से जुड़ना निश्चित तौर पर शिक्षा के प्रति जागरूकता को प्रदर्शित करता है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बकावंड में शौचालय का हाल बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

बकावंड के शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में समस्याओं का अंबार है। यहां न पानी है और न गर्मी से राहत पाने के लिए कूलर पंखों का इंतजाम। बिस्तर चादरें गंदे मैले कुचले हैं मच्छरों का राज होने से मरीज और परिजन इलाज की बजाय अधिक बीमार पड़ रहे हैं। यहां विकासखंड के हजारों ग्रामीण चिकित्सा

■ पानी के लिए तरस रहे मरीज और परिजन, मच्छरों का राज, बिस्तर मैले

सुविधा के लिए निर्भर हैं, मगर विकासखंड स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। शौचालय गंदगी से बजबजा रहे हैं, मल सीट के ऊपर तक भर आया है। शायद सेफ्टीक टैंक भर गया है। इसके अलावा शौचालयों की दीवारें भी गंदगी से भरी है। पांच दिन से पूरे अस्पताल में जलापूर्ति ठप है। इसकी तह तक जाने पर पता चला कि अस्पताल के बोर का मोटर पंप जल गया है। उसकी मरम्मत तक नहीं कराई गई है। गर्मी के इस दौर में मरीजों और उनके परिजनों को बाजार से पानी की बोतलें खरीदकर काम चलाना पड़ रहा है। अस्पताल के अधिकतर पंखे बंद पड़े हैं, वार्डो़ं में कूलर हैं नहीं। भीषण गर्मी में मरीजों और उनकी तिमारदारी के लिए साथ रहने वाले परिजन को न दिन में चैन मिल रहा है और न रात में नींद नसीब हो रही है। मच्छर अलग से परेशान करते हैं। बिस्तरों और चादरों की गंदगी देखकर जी मिचलाने लगता है। लगता है महीनों से बेडशीट और चादरों की धुलाई नहीं हुई है।



### जच्चा बच्चा सब परेशान

सामान्य वार्डो़ं के मरीजों को तो यातना झेलनी ही पड़ रही है, प्रसव वार्ड की हालत तो और भी खस्ता है। प्रसूति वार्ड का पंखा नहीं चल रहा है। महिलाओं और उनके नवजात को मच्छर काटकर हलाकान कर रहे हैं। आलम यह है कि प्रसूता महिलाओं को तीन दिन तक ऑब्जर्वेशन में रखने के बजाय एक ही दिन में छुट्टी देनी पड़ रही है। अस्पताल में मरीज नारकीय स्थिति से गुजर रहे हैं। महिलाओं के प्रसव वार्ड में भी पानी नहीं होने से उनके रिश्तेदार बाजार से पानी खरीदकर ला रहे हैं। डिलवरी के क्रिटिकल केसेस में एंबुलेंस नहीं मिलती और कई बार डिलवरी कराने पहुंची महिलाओं की जान जोखिम में पड़ जाती है ।खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरीश मरकाम ने अस्पताल में जलापूर्ति ठप होने की बात तो स्वीकार की, लेकिन अन्य मसलों पर उन्होंने चुप्पी साध ली।

**मेकेनिक नहीं मिल रहा**

ये सच है कि मोटर खराब होने से पानी की किल्लत अस्पताल में है। मेकेनिक के नहीं आने से यह नौबत आई है। मोटर बनते ही समस्या दूर हो जाएगी।

-डॉ. हरीश मरकाम, बीएमओ, बकावंड

## राष्ट्रीय राजमार्ग में कामानार से कांगेर वैली तक पेड़ों में बच्चों ने बनाए चित्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दरभा ब्लॉक के कामानार में चेतना चाईल्ड एंड वूमेन वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा 15 दिन का समर कैंप का आयोजन किया गया। जहां बच्चों ने हिस्सा लेकर धमाल मचाया और मजे लिए। बच्चों को कैंप में किताबी पढ़ाई से हटकर कुछ नया सीखने को मिला।

कैंप में नजदीकी गांव मंगनार, नेगानार और लेंड्रा के बच्चे शामिल हुए। लगभग 160 से अधिक विद्यार्थी कैंप का हिस्सा बने। बच्चों के लिए गर्मी छुट्टी का उपयोग करने कई गतिविधियों की व्यवस्था की गई थी जो उनकी रुचियों के अनुकूल थी। समर कैंप में बच्चों के लिए मुख्य आकर्षण का केन्द्र पेड़ों में पेंटिंग करना रहा जिसमें बच्चों ने कामानार से कांगेर वैली के मुख्य द्वार तक एनएच 30 के सभी पेड़ों में अलग-अलग पेंटिंग के माध्यम से चित्रकला बनाई। कोआर्डिनेटर हेमवती कश्यप





और मंगली नाग ने बताया गया कि पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए समर कैंप में गतिविधि की गई। पेड़ो में पेंटिंग करने का उद्देश्य यह रहा है कि पेड़ों में अक्सर कीड़े किसी भी पेड़ को अंदर से खोखला कर देते है, लेकिन पेंट करने की वजह से कीड़े नहीं लगते है। पेड़ों को पेंट करने से उन्हें सुरक्षा मिलती है जिसकी वजह से पेड़ों की उम्र बढ़ जाती है। इसके साथ ही बच्चों को बताया गया कि जंगल से गुजरते वक्त कई वाहन रात में भी चलते है और उनको पेड़ नहीं दिखते है। जब वाहनों के रोशनी इन पेड़ पर पड़ती है तो वह जोर से चमकती है जिससे अंदाजा लग जाता है कि सामने पेड़ है। ऐसे में पेंट किए हुए पेड़ बड़ी दुर्घटना होने से सबको बचा लेता है। बच्चों ने समर कैंप में शपथ लिया कि हम सब अपने छोटे छोटे प्रयास से पर्यावरण को प्लास्टिक मुक्त रखेंगे।